नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी मसूदा अजमेर

पीठासीन अधिकारी पर्वतसिंह चूण्डावत

राजस्व प्रार्थना पत्र 15/2017

01. श्री सोहनसिंह पुत्र श्री रामचन्द्र जाति राजपूत निवासी बिजयनगर तहसील बिजयनगर, जिला अजमेर, राजस्थान।
02. श्री नवीन कुमार पुत्र श्री राधेश्याम जी जाति सोनी निवासी बिजयनगर तहसील बिजयनगर, जिला अजमेर, राजस्थान।

................प्रार्थीगण

बनाम

01. श्री दिनेशचन्द्र पुत्र श्री शंकरलाल जाती ब्राहम्ण निवासी जालिया द्वितीय तहसील बिजयनगर, जिला अजमेर ।
02. श्री सुरेन्द्रसिंह पुत्र श्री सज्जनसिंह जैन निवासी न्यू लाइट कॉलोनी तहसील बिजयनगर बिजयनगर, जिला अजमेर ।
03. श्री रामगोपाल पुत्र श्री नन्दा नाथ जाती नाथ निवासी सथाना तहसील बिजयनगर बिजयनगर, जिला अजमेर ।
04. श्री शैलेन्द्र पुत्र श्री हीराकोम दमामी जाती दमामी निवासी सथाना तहसील बिजयनगर बिजयनगर, जिला अजमेर ।
05. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार बिजयनगर ।

................अप्रार्थिगण

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 128 भू–राजस्व अधिनियम 1956

प्रार्थीगण ने इस प्रार्थना पत्र में निवेदन किया है कि ग्राम सथाना तहसील बिजयनगर जिला अजमेर स्थित आराजी खसरा नम्बर 2104 रकबा 00–07–00. व 2105/1 रकबा 01–09–03. बिस्वा उनकी खुदकाश्त से संयुक्त खातेदारी की भूमि है जिनमें पडौसी काश्तकार अप्रार्थीगण पाल डोल डालने को लेकर विवाद करते रहते है अतः नियमानुसार पत्थरगढी करवाई जावे।

अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अनुपस्थित रहने से एकतरफा कार्यवाही अमल में लायी गयी।

अधिवक्ता प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। ग्राम सथाना पटवार मंडल सथाना की जमाबंदी संवत 2069–72 के खाता संख्या 914 में खसरा नम्बर 2104 रकबा 00–07–00. व 2105/1 रकबा 01–09–03. बिस्वा प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी की भूमि में है अतः वे पत्थरगढी करवाने के अधिकारी पाये जाते है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है और आदेश दिये जाते है कि –

आदेश

तहसीलदार बिजयनगर को ग्राम सथाना स्थित प्रश्नगत आराजी खसरा नम्बर 2104 रकबा 00–07–00. व 2105/1 रकबा 01–09–03. बिस्वा में मौका कमीश्नर नियुक्त किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि वह नियमानुसार राशि प्राप्त कर प्रश्नगत भूमि मौके पर जरिये माप एवं सीमांकन सीमा कायम कर पत्थरगढी कारवाना सुनिश्चित करें।

निर्णय आज दिनांक 23.01.2019 को सरे इजलास अदालत में सुनाया गया।

(पर्वतसिंह चूण्डावत)
सहायक कलक्टर एवं

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohan Lal Khatnawalia
Date: 2019.12.03 16:20:13 IST
Reason: SelfAttested